






## परिजन ने शव रखकर एनएच पर किया प्रदर्शन

# तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे मौजूद दो युवकों को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- तीन घंटे से अधिक बाधित रहा आवागमन, कार्रवाई व मुआवजा की मांग

बीती रात एनएच 130 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे कार की टायर में हवा दाल रहे युवक समेत दो लोगों को कुचल दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इधर इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजा व कार्रवाई की मांग को लेकर एनएच पर चक्का जाम कर दिया। लोगों ने सड़क पर शव रखकर और टायर जलाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदर्शन किया जिससे लगभग तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की समझाईस के बाद आन्दोलन समाप्त हुआ।

बताया जा रहा है कि 17 मई की देर शाम मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुन्दरपुर निवासी अनिल कुमार गढ़ेवाल आ. अमरसाय शो रूम में काम करने के बाद वापस लौट रहा था। इस दौरान सांडबार बेरियर के समीप स्थित मोहम्मद तस्लीम के टायर दुकान में वह अपनी अल्टो कार में हवा डलवाने के लिए रुका हुआ था। टायर रिपेयरिंग दुकान में तस्लीम का भतीजा 20 वर्षीय कामरान आ. मो. नसीम कार में हवा डाल रहा था। इसी बीच लखनपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने किनारे मौजूद दोनों युवकों को ⏭ शेष पेज 4 पर



मौत के बाद गुस्साए लोगों द्वारा चक्काजाम।

### मुआवजा व सीसीटीवी लगाने की मांग

सोमवार को घटना में मारे गए युवकों के परिजन ने एनएच 130 पर पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। आक्रोशित स्थानीय लोगों और परिजन ने सांडबार बेरियर के समीप शव को सड़क पर रखने के साथ ही टायर जलाकर दोपहर ढाई बजे धरना प्रदर्शन शुरू किया। धरना प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान जाम में एक एम्बुलेंस भी कुछ देर के लिए फंसी। लोगों की मांग थी कि सांडबार बेरियर में भारी भीड़ रहती है और हादसे होते है इस लिए यहां सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। इसके साथ ही वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाने के लिए बेरिकेटिंग की मांग की गई। परिजन ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही कड़ी कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक टीम द्वारा लोगों को समझाइश और कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद आन्दोलन को देर शाम लगभग 5.30 बजे समाप्त कराया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार जयस कंवर ने बताया कि लोगो ने मुआवजा और कार्रवाई की मांग की है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और मुआवजा का आश्वासन दिया गया है।

# क्रशर प्लांट में काम कर रहे मजदूर पर गिरी लोहे की जाली, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर/अम्बिकापुर

- प्लांट में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर उठे सवाल, बरती जा रही लापरवाही

क्रेशर प्लांट में बरती जा रही लापरवाही ने एक मजदूर की जान ले ली। राजपुर के भिलाई क्रेशर प्लांट में कन्वेयर बेल्ट की सफाई करते समय लोहे की जाली मजदूर के ऊपर गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है लेकिन इस घटना ने राजपुर क्षेत्र में संचालित क्रेशर प्लांट में मजदूरों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए है।

बताया जा रहा है कि राजपुर के भिलाई में सिंघल क्रेशर प्लांट संचालित है। प्लांट में 17 मई की शाम मजदूर कन्वेयर बेल्ट की सफाई करने का काम कर रहे थे। सफाई के दौरान मशीन में लगा लगभग डेढ़ क्विंटल वजनी लोहे की जाली अचानक ही टूटकर नीचे काम कर रहे मजदूर पर गिर गई। लोहे की जाली गिरने से लुंड्रा विकासखंड के ग्राम बरगीडीह निवासी मजदूर अनमोल उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। आनन फानन में साथ काम कर रहे मजदूरों अनमोल को किसी तरह बाहर ⏭ शेष पेज 4 पर

### क्रशर प्लांट किया गया सील

क्रेशर प्लांट में मजदूर की मौत के मामले में प्लांट को सील कर दिया गया है। दुर्घटना में युवक की मौत के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए संयुक्त जांच दल गठित कर मौके पर जांच की। जांच के दौरान खनिज विभाग के अमले एवं नायब तहसीलदार द्वारा संबंधित क्रशर मशीन को अग्रिम कार्रवाई तक सील कर दिया गया। जिला श्रम अधिकारी एवं सहायक संचालक इंडस्ट्रीज एंड हेल्थ सेफ्टी द्वारा भी विभिन्न प्रावधानों एवं धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई की गई। उक्त प्लांट मनोज अग्रवाल का बताया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संबंधित क्रशर संचालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### सुरक्षा उपायों को लेकर उठे सवाल

मजदूर की मौत के बाद क्रेशर प्लांट में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए है। बड़ी बात यह है कि राजपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में क्रेशर प्लांट संचालित है और इन क्रेशर प्लांट में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठते रहे है। मृतक के साथ काम करने वाले युवक अर्पण एक्का ने बताया कि क्रेशर प्लांट में मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई भी उपकरण मौजूद नहीं है। फैक्ट्री में फर्स्ट एड किट भी नहीं है इसके साथ ही घटना के बाद उन्हें संचालक द्वारा एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं कराया गया। इतना ही नहीं हादसे को दबाने का भी प्रयास किया गया। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्रेशर प्लांट में मजदूरों की सुरक्षा के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है और लापरवाही के कारण एक की मौत हो गई। वहीं प्लांट में नाबालिग से भी मजदूरी कराने की बात सामने आई है।

### चल रही है जांच

क्रेशर प्लांट में हुए हादसे की जांच चल रही है। माइनिंग, लेबर डिपार्टमेंट के साथ ही तहसीलदार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

-**देवेन्द्र कुमार प्रधान**, एसडीएम

## खबर संक्षेप

### मारपीट से घायल नाबालिग की उपचार के दौरान मौत

**अंबिकापुर।** मारपीट से घायल नाबालिग की उपचार के दौरान मौत हो गई। नाबालिग को गंभीर हालत में जशपुर से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के बरटोली भागलपुर निवासी 15 वर्षीय कृष्णा भगत आ. नित्यानंद भगत को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पिता नित्यानंद भगत ने पुलिस को बताया कि 17 मई को वे घर में आराम कर रहे थे। इसी दौरान छोटे बेटे अनीश भगत ने आकर बताया कि भइया को सचिन राम मार रहा है। जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि बाले राम के मचान के समीप सचिन राम उसके बेटे को पटककर मार रहा था। ऐसे में जब उसने बीच बचाव का प्रयास किया तो सचिन राम उसे धक्का देकर फरार हो गया। इधर गंभीर रूप से घायल कृष्णा भगत को उपचार के लिए बाइक से जशपुर अस्पताल में लेकर पहुंचा जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल मारपीट व हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### गुटखा मुंह में रखकर सो रहे युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** गुटखा मुंह में रख कर सो रहे युवक की सांस रूकने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रनपुरकला निवासी मो. साकिर हुसैन आ. दिल मोहम्मद (28 वर्ष) 5 मई को घर में छठी कार्यक्रम होने पर गुटखा लेकर अलग कमरे में लेटा था। इसी बीच युवक गुटखा को मुंह में रखकर सो गया। इधर परिजन युवक के आराम करने पर उसे नहीं जगाया। काफी देर बाद भी जब युवक नहीं उठा तो परिजन कमरे में गए तो देखा युवक अचेत हालत में पड़ा था। परिजन युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक सोते समय मुंह में गुटखा रखा था जिससे सांस रूक जाने से उसकी मौत हो गई। युवक की संदिग्ध हालत में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# पुलिस ने कार से बरामद किया 760 नग मोबाइल फोन, 95 किलोग्राम पायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पश्चिम बंगाल के रहने वाले है आरोपी, साइबर क्राइम व अन्य अपराधों में फोन के उपयोग की संभावना

सरगुजा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ओमनी कार से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, पायल बरामद किया है। इन मोबाइल फोन का उपयोग साइबर फ्राड व अन्य अपराधिक घटनाओं के लिए किए जाने की संभावना है। फिलहाल पुलिस द्वारा 760 नग मोबाइल फोन, 95 किलोग्राम से अधिक पायल को जब्त करने के साथ ही पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है जिसके बाद और भी खुलासे होने की उम्मीद है।

बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ग्रे रंग की ओमनी कार में सवार कुछ लोग हाट बाजार से चोरी व अवैध तरीके से प्राप्त किए गए मोबाइल फोन को लेकर बेचने के लिए जा रहे है। इन मोबाइल फोन का उपयोग साइबर फ्राड और अन्य अपराधिक घटनाओं के लिए किया जाता है। सूचना के बाद गांधीनगर पुलिस द्वारा बनारस रोड में वाहनों की तलाशी हेतु चेकिंग प्वाइंट लगाया गया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध ओमनी कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो हैरान करने वाली जानकारी सामने आई। कार में प्लास्टिक बोरी से 110 नग टच स्क्रीन वाला मोबाइल व 650 नग की पेड वाला मोबाइल फोन के साथ ही 95.500 किलोग्राम पायल बरामद किया गया। इस दौरान पुलिस ने कार सवार लोगों से मोबाइल फोन व पायल के दस्तावेज मांगे तो वे कोई जानकारी नहीं दे पाए। ऐसे में पुलिस ने 760 नग मोबाइल, 95.500 किलोग्राम पायल एवं ओमनी कार क्रमांक डब्लूबी 58 बीपी 8233 को जब्त किया है। इसके साथ ही पुलिस ने मामले में पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद हरिहरपाड़ा महिशमरा निवासी 26 वर्षीय सेंतु शेख आ. मंटू शेख, 28 वर्षीय गफ्फार शेख आ. इकबाल शेख, 23 वर्षीय असीम शेख आ. आरिफ शेख, 30 वर्षीय इब्राहिम शेख आ.मनिरुल शेख व 37 वर्षीय माशदुल शेख को बीएनएस की धारा 317(2), 317(3), 3(5) के तहत गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है जिसके बाद मामले में और भी खुलासे होने की उम्मीद है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी, सउनि अभिषेक दूबे, आरक्षक राहुल सिंह, रमन मंडल, घनश्याम देवांगन, सत्यम सिंह, सुल्तान अहमद सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी, जब्त मोबाई व चांदी।

# 24 डिसमिल का पैसा देकर हड़प ली 3.17 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण, भू माफियाओं पर कार्रवाई व रजिस्ट्री निरस्त करने सौंपा ज्ञापन

सरगुजा में भू माफियाओं का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। आलम यह है कि अधिकारियों के साथ मिली भगत कर भू माफिया लोगों की जमीन को बेखौफ होकर हथिया रहे है और धोखा धड़ी कर रहे है। भू माफियाओं द्वारा एक महिला के नाम पर दर्ज जमीन को फर्जी तरीके से हड़पने का मामला सामने आया है। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर जांच व कार्रवाई के साथ ही जमीन की रजिस्ट्री निरस्त करने की मांग की है।

दरअसल सोमवार को मणिपुर थाना अंतर्गत भिट्ठीकला महुआ टिकरा से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान महिला सावित्री यादव और उसकी बहु कांति यादव ने बताया कि सावित्री यादव के नाम पर 3 एकड़ 17 डिसमिल जमीन थी। उक्त जमीन को बिक्री करने के लिए गांव का ही व्यक्ति डोमन घर में आता था और उन्हें अपने विश्वास में लिया और जमीन की बिक्री कराने का वादा किया। इस दौरान रायपुर के अनिल अग्रवाल और पुष्पा अग्रवाल से 24 डिसमिल जमीन को 72 लाख रूपए में बेचने का सौदा हुआ था। गांव में जमीन की चौहद्दी भी कटवाई गई थी लेकिन बाद में धोखे से भू माफियाओं ने मिली भगत कर उनकी पूरी 3 एकड़ 17 डिसमिल जमीन को ही अपने नाम पर रजिस्ट्री करा लिया। हडपे गए जमीन की कीमत 5 करोड़ से अधिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो गांव का दलाल घर आकर उन्हें धमका रहा है। इस घटना के बाद सरगुजा में भू माफियाओं के फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है और इसमें विभाग के अधिकारियों पर मिली भगत के आरोप लगे है। ग्रामीणों ने कलेक्टर अजीत वंसत को ज्ञापन सौंप मामले में जांच व कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में कलेक्टर ने अजीत वसंत ने बताया कि ग्रामीणों ने कम जमीन का पैसा देकर ज्यादा जमीन की रजिस्ट्री उनसे करवाने की शिकायत की है। उन्हें बताया गया कि रजिस्ट्री को निरस्त करने का अधिकार सिविल कोर्ट के पास है और उनको सिविल कोर्ट में आवेदन दायर करना होगा। नामान्तरण के स्तर पर सलाह दी गई है कि अनुविभागीय अधिकारी के कोर्ट में अपील करे। यदि कोई त्रुटी पाई जाती है तो नामान्तरण निरस्त करने की कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी द्वारा की जाएगी।



# रेत-मिट्टी और ईंट लोड 6 वाहन जब्त, खनिज विभाग ने की कार्रवाई

**राजपुर।** अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग एवं संयुक्त टीम ने विकासखंड राजपुर के विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत तथा मिट्टी ईंट का परिवहन कर रहे कुल 6 वाहनों को जब्त किया है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम ने ग्राम गोपालपुर और ग्राम कर्रा क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। इस दौरान गोपालपुर क्षेत्र में अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे एक वाहन तथा मिट्टी ईंट से भरे एक वाहन को पकड़ा गया। वहीं ग्राम कर्रा क्षेत्र में तीन रेत वाहन एवं एक मिट्टी ईंट वाहन बिना वैध अनुमति और आवश्यक दस्तावेजों के परिवहन करते पाए गए। खनिज विभाग की टीम ने सभी वाहनों की जांच की लेकिन वाहन चालकों द्वारा परिवहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज एवं वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की जा सकी। इसके बाद सभी वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए राजपुर थाना के सुपुर्द कर दिया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि संबंधित वाहनों पर खनिज नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार निगरानी और अभियान चलाए जा रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार खनिज ⏭ शेष पेज 4 पर



## जिले के पर्री में हुआ अटल विहार योजना का भूमिपूजन

# 38 करोड़ की लागत से बनेंगे आधुनिक आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पर्री में जिले की प्रथम आवासीय कॉलोनी 'अटल विहार योजना' का भूमिपूजन किया गया। करीब 37.66 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली इस महत्वाकांक्षी आवासीय परियोजना का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनुराग सिंह देव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल ने विधिवत भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेमनगर विधायक भुलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणी पैंकरा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, अजय श्याम, नपा उपाध्यक्ष शैलेश गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक तथा कलेक्टर श्रीमती रेना जमील व अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि अटल विहार योजना के माध्यम से जिले के नागरिकों के अपने घर का सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह जिले की पहली आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त आवासीय कॉलोनी होगी, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग तथा उच्च आय वर्ग के लिए किफायती दर पर भवनों की व्यवस्था की गई। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि अटल विहार योजना के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त आवासीय कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले की यह पहली ऐसी परियोजना है, जो जिले के आवासीय परिदृश्य में एक नया अध्याय जोड़ेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रेमनगर विधायक भुलन सिंह मरावी ने कहा कि अटल विहार योजना क्षेत्र के विकास का नया सोपान सिद्ध होगी। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल विहार योजना जिले के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### डिजिटल सुशासन को मिलेगा नया विस्तार

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में डिजिटल नागरिक सेवाओं को और अधिक सशक्त, व्यापक एवं प्रभावी बनाने की दिशा में निर्णय लेते हुए वर्तमान में संचालित सभी लोक सेवा केन्द्रों का उन्नयन कर उन्हें अब सेवा-सेतु केन्द्र के रूप में संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को अधिकाधिक शासकीय सेवाएं एकीकृत डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराना तथा सेवा वितरण प्रणाली को अधिक सुगम, पारदर्शी और आधुनिक बनाना है। सेवा-सेतु केन्द्रों के रूप में उन्नयन के बाद यह संख्या बढ़ाकर 442 डिजिटल सेवाएं कर दी गई है, इससे आम नागरिकों को प्रमाण पत्र, पंजीयन, आवेदन, शासकीय योजनाओं एवं विभिन्न विभागीय सेवाओं का लाभ एक ही मंच पर अधिक व्यापक रूप में उपलब्ध हो सकेगा।

### शासकीय व्यय में मितव्ययिता पर व्यापक निर्देश जारी

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य शासन ने वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन, सार्वजनिक व्यय में नियंत्रण तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक जिम्मेदार, डिजिटल और संसाधन-संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से शासकीय व्यय में मितव्ययिता एवं वित्तीय अनुशासन संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य सरकारी खर्चों में अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण, ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत और डिजिटल कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देना है। राज्य शासन द्वारा जारी-निर्देशों के अनुसार 30 सितंबर तक सभी विभागों, निगमों, मंडलों, आयोगों एवं शासकीय संस्थाओं को इन नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

### शशांक पोद्दार ने अर्जित किया 92 प्रतिशत अंक

**मनेन्द्रगढ़।** सीबीएसई कक्षा 12 वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में





एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कॉमर्स, गणित एवं बायोलॉजी संकाय के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर अपनी की। कॉमर्स संकाय के मेधावी छात्र शशांक पोद्दार ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। कॉमर्स संकाय के प्रत्यूष बोथरा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं गणित संकाय के अरकम खान 86 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता के लिए विद्यालय के शिक्षक-अभिभावक एवं दिन-रात कड़ी मेहनत का प्रतिफल बताया।

### सशिमं में समर कैंप, व्यवस्थापक ने किया अवलोकन

**मनेन्द्रगढ़** । सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में बीते 1 मई से लगातार चल रहे समर कैंप में भैया बहन बड़ी संख्या में उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं। इस कैंप में छात्रों को नृत्य, संगीत, योग, चित्रकला, हस्तकला नाटक एवं व्यक्तित्व विकास आदि सिखाया जा रहा है। आज कैंप के आठवें दिन भैया बहनों के प्रशिक्षण उपरांत प्रदर्शन का अवलोकन विद्यालय के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्र प्राचार्य विनोद शुक्ला, गोपाल गुप्ता तथा अभिभावकों के द्वारा किया गया। व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्रा एवं गोपाल गुप्ता द्वारा भैया बहनों द्वारा प्रस्तुत नाटक शिक्षा का महत्व का अवलोकन कर प्रशंसा करते हुए छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया साथ ही नृत्य, चित्रकला एवं हस्तशिल्प की भी सराहना करते हुए छात्रों का उत्साह बढ़ाया गया। इस समर कैंप में आचार्य और आचार्यों द्वारा अहम भूमिका दिखाई दे रही है, जिन्होंने भैया बहनों को ग्रीष्मकल में प्रातः तैयार होकर आना प्रातः स्मरण दैनिक उपासना को भैया बहनों के दैनिक जीवन में समावेशित किया। इस समर कैंप में श्रीमती दुर्गा माली, मोनिका श्रीवास्तव, नम्रता ताम्रकार, सेजल के शेरवानी, राकेश पांडे, श्रीमती रत्नमानी केसरवानी, मंजुला सोनी, नीतू सिंह, कुमारी पलक पांडे, श्रीमती खुशबू तिवारी आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## पाइपलाइन जगह-जगह लीकेज, काम अधूरा छोड़ गायब हुआ ठेकेदार

# टंकी में पानी फिर भी बरबसपुर के घर सूखे


शो पीस बनी पानी टंकी।


सूखा स्टैंड पोस्ट।


व्यर्थ में बहता है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/बरबसपुर

एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर में शासन की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना अनियमितता और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। गांव में पानी की टंकी बनकर पूरी तरह तैयार है और उसमें नियमित पानी भी पहुंच रहा है, लेकिन ग्रामीणों के घरों तक आज तक जल सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। भीषण गर्मी के बीच लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, जबकि लाखों रुपए की योजना गांव में केवल शोपीस बनकर रह गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी तक पानी पहुंचाने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन जगह-जगह से लीकेज हो चुकी है। कई स्थानों पर पाइप फटने से लगातार पानी बह रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर नल-जल योजना की शुरूआत की गई थी और गांव में घर-घर नल लगाने का काम भी किया गया, लेकिन अधिकांश नलों में आज तक कनेक्शन ही नहीं जोड़ा गया। हालत यह है कि गांव में लगाए गए नल अब केवल स्टैचू बनकर खड़े हैं और धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस ठेकेदार को योजना का कार्य दिया गया था, उसने अधूरा काम छोड़ दिया और उसके बाद दोबारा गांव की ओर मुड़कर नहीं देखा। योजना अधर में लटकी हुई है, जबकि शासन-प्रशासन भी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए है। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच पानी संकट ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत कराकर घरों तक जल सप्लाई शुरू कराए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। गांववासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। कुल मिलाकर ग्राम पंचायत बरबसपुर में शासन की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना ग्रामीणों के लिए राहत बनने के बजाय परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है।

■ भीषण गर्मी में पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण

### व्यर्थ में बह रहा पानी

ग्रामीणों के अनुसार टंकी तक पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन जगह-जगह से लीकेज हो चुकी है। कई स्थानों पर पाइप फटने से लगातार पानी बह रहा है और रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन आंखें मूंदे बैठे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पाइपलाइन की मरम्मत कर सप्लाई शुरू कर दी जाती तो गर्मी में राहत मिल सकती थी।

### लंबे समय से ठेकेदार गायब-

ग्रामीणों का आरोप है कि योजना का काम करने वाला ठेकेदार अधूरा निर्माण छोड़कर गायब हो गया, लेकिन उसके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ हैंडपंपों में भी पानी कम हो रहा है, जिससे पेयजल संकट गहराता जा रहा है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।



# ओदारी नदी में छापा, 9 हाइवा और चेन माउंटेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रूख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत घटई, तहसील भरतपुर स्थित ओदारी नदी क्षेत्र में संयुक्त छापामार अभियान चलाकर अवैध खनन गतिविधियों पर बड़ा प्रहार किया।

जिला स्तरीय टास्क फोर्स, खनिज विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। इस कार्रवाई में अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त एक चैन माउंटेन मशीन तथा रेत परिवहन में लगे 9 हाईवा वाहनों को मौके से जब्त किया गया। प्रशासनिक जांच में पाया गया कि संबंधित स्थल पर खनन कार्य निर्धारित नियमों एवं वैधानिक प्रावधानों के विपरीत संचालित किया जा रहा था। प्रशासन की इस सुनियोजित कार्रवाई के बाद अवैध रेत कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। बताया गया कि जब्त किए गए सभी वाहन एवं मशीनरी को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई तक ग्राम पंचायत घटई की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखा गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं खनिज परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध खनिज एवं विनियमन अधिनियम 1957 तथा छग गौण खनिज नियम 2015 के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि नियमों की अनदेखी कर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने दो टूक संदेश दिया है कि जिले में प्राकृतिक संसाधनों की अवैध लूट पर अब लगातार निगरानी रखी जाएगी और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे अवैध खनन, परिवहन या प्राकृतिक संसाधनों के दुरूपयोग से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि जिले में संसाधनों के संरक्षण और कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके।

■ अवैध रेत खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन



**बैकुण्ठपुर।** पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों एवं खाद्य सामग्री में हो रही बेतहाशा महंगाई के विरोध में सोमवार को कांग्रेस सड़क पर उतर आई। बैकुंठपुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा में जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन पेट्रोल पंप बैकुंठपुर का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र की मोदी सरकार एवं भाजपा की डबल इंजन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की। इसके पश्चात खाद्य सामग्री के लगातार बढ़ते दामों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बैकुंठपुर द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है और गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, राशन सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष आशीष यादव, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह अजय सिंह, गणेश राजवाड़े विकाश श्रीवास्तव संगीता रवि राजवाड़े, रकीब बेगम, सौरभ गुप्ता दीपक गुप्ता, अंकित गुप्ता, यूसुफ, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, रामकुमार यादव, रियाजुउद्दीन, अनिल सिंह, राकेश जायसवाल, रामसाय सोरी, बसंत सिंह, अजीमुल्ला, शशि मांझी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

■ पुलिस लाइन पेट्रोल पंप का घेराव कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

### विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान आज से

**मनेन्द्रगढ़।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान-सूचीकरण एवं भवन गणना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जनगणना कार्य निदेशालय छग रायपुर के निर्देशानुसार जिले में 19 से 20 मई तक विशेष नुक्कड़ नाटक सह एलईडी वैन उपलब्ध रहेगी, जिसके माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना के महत्व, प्रक्रिया और नागरिक सहभागिता को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# अनूपपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: एक करोड़ का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर




जिले की रामनगर थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 225.740 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 12 लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार 17 मई की शाम रामनगर थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि छग के मरवाही क्षेत्र से एक बिना नंबर की सफेद किआ सोनेट कार में भारी मात्रा में गांजा भरकर शहडोल की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने ग्राम फुलवारीटोला मार्ग पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद संदिग्ध कार तेज रफ्तार में आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर तस्करों ने वाहन मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन तेज गति के कारण चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। हादसे के बाद कार में सवार दो युवकों में से एक जंगल की ओर भाग निकला, जबकि पुलिस ने चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुमित मिश्रा उर्फ बेटू उम्र 23 निवासी शांतिनगर अनूपपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में क्षतिग्रस्त कार की तलाशी ली, जिसमें सीटों के नीचे और गुप्त चैंबरों में छिपाकर रखे गए गांजे के पैकेट बरामद हुए। जांच में सामने आया कि तस्करी में इस्तेमाल की गई किआ सोनेट कार महज 18 दिन पहले, 29 अप्रैल को खरीदी गई थी। पुलिस को चकमा देने के लिए वाहन पर नंबर प्लेट भी नहीं लगाई गई थी। रामनगर थाना पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 225.740 किलो गांजा, करीब 10 लाख रूपए कीमत की कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# गर्ल्स कॉलेज बैकुंठपुर का प्राध्यापकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



बीते 16 मई समझौता ज्ञापन एमओयू के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय सोनहत के प्राध्यापकों द्वारा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया।

इस अवसर पर सोनहत महाविद्यालय से वाणिज्य विभाग की शैबुननिशा एवं प्रिया साहू, अंग्रेजी विभाग की श्रीमती सरस्वती टोप्पो, वनस्पति शास्त्र विभाग की सुश्री कविता तथा प्रयोगशाला तकनीशियन श्रीमती मधु यादव उपस्थित रहीं। भ्रमण के दौरान आगंतुक शिक्षकों को महाविद्यालय में स्थित प्राणीशास्त्र संग्रहालय, रसायन, वनस्पति एवं जंतु विज्ञान विभाग की प्रयोगशालाओं तथा एनएसएस प्रशिक्षण कक्ष का अवलोकन कराया गया। इसके साथ ही बॉटनिकल गार्डन, पर्यावरण कक्ष, शैक्षणिक उन्नयन नवाचार कक्ष, आईक्यूएसी कक्ष, मशरूम उत्पादन कक्ष, स्पोर्ट्स कक्ष तथा परास्नातक कक्षाओं में कराए गए सोशल आउटरिच परियोजना कार्य एवं लघु शोध प्रबंधों की जानकारी भी दी गई। आगंतुकों ने इनडोर स्टेडियम का भी भ्रमण किया। यह शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के निर्देशन एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रसायन शास्त्र विभाग की डॉ. ऋचा श्रीवास्तव एवं हिंदी विभाग के डॉ. ज्ञान चंद्र पाल ने आ गं तु क शिक्षकों को विभिन्न विभागों एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। सोनहत महाविद्यालय से आए शिक्षकों ने कन्या महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, व्यवस्थाओं एवं स्टाफ की सराहना की।

# राजलक्ष्मी होम्योपैथिक का शुभारंभ



**मनेन्द्रगढ़।** शहर में सोमवार को राजलक्ष्मी होम्योपैथिक क्लिनिक एवं मेडिकल स्टोर का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर क्लिनिक का उद्घाटन किया तथा क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की। तहसील कार्यालय के सामने, वर्धमान कपड़ों के बगल में प्रारंभ हुए इस क्लिनिक के उद्घाटन अवसर पर काफी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, व्यापारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सक डॉ. रश्मि सोनकर ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति आज लोगों के बीच विश्वास का माध्यम बन रही है और मरीजों को कम खर्च में बेहतर उपचार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने क्लिनिक में आने वाले मरीजों को समर्पित सेवा देने का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि मनेन्द्रगढ़ जैसे क्षेत्र में नए चिकित्सा संस्थान खुलने से लोगों को राहत मिलेगी और स्थानीय स्तर पर उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने क्लिनिक संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसेवा के भाव से किया गया कार्य सदैव समाज के लिए लाभकारी होता है। मंत्री ने उपस्थित लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील भी की। कार्यक्रम में डॉ. तेजकांत सोनकर, नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पार्षद श्रीमती नीलू यादव, श्याम सुंदर पोद्दार, राहुल सिंह, रोहित वर्मा, एमपी सिंह, मृत्युंज सोनी सहित परिवार के सदस्य, शुभचिंतक सहित काफी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## रामभद्राचार्य महाराज ने दिया अहंकार त्यागने का संदेश

# संगीतमयी श्रीराम कथा के दूसरे दिन गूंजा शिव चरित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल





लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम चिरमिरी में आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा के दूसरे दिन जगद्गुरू स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने शिव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और सत्संग का महत्व बताया। कथा में काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महाराज ने माता सती, राजा दक्ष प्रजापति और भगवान शिव से जुड़ी कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान करने के उद्देश्य से महायज्ञ का आयोजन किया, जिसमें शिवजी को छोड़ सभी देवताओं को आमंत्रित किया गया। भगवान शिव के मना करने के बावजूद माता सती पिता के घर पहुंचीं, जहां शिवजी के अपमान से व्यथित होकर उन्होंने हवन कुंड में स्वयं को अग्नि को समर्पित कर दिया। इसके बाद भगवान शिव के गणों ने यज्ञ स्थल को तहस-नहस कर दिया और तीनों लोक शिव के क्रोध का सामना करने लगे। कथा के दौरान स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि जब जीवन में कोई साथ नहीं देता, तब कथा ही मनुष्य का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान की भक्ति को जीवन का आधार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भक्ति ही लोक और परलोक दोनों को सुधारने का माध्यम है। उन्होंने अहंकार को विनाश का कारण बताते हुए कहा कि घमंड आने पर व्यक्ति सही और गलत का भेद भूल जाता है, जिससे उसके बने-बनाए कार्य भी बिगड़ जाते हैं। महाराज ने दक्ष प्रजापति की घटना का उल्लेख करते हुए लोगों को अहंकार से दूर रहने की सीख दी। कथा में भक्ति, सत्संग और संस्कारों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि विवाह एक पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में लोग संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे जीव के बिना शरीर निरर्थक है, वैसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं है। स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र जाप का महत्व बताते हुए कहा कि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है और भक्ति में किसी भी प्रकार का बाहरी दिखावा नहीं होना चाहिए। कथा के दौरान शिव बारात का मनमोहक वर्णन किया गया। भूत-प्रेतों की टोली के साथ नाचते-गाते शिवजी की बारात का ऐसा सजीव चित्रण हुआ कि श्रद्धालुओं को स्वयं शिव बारात में उपस्थित होने का अनुभव हुआ।

### मनरेगा की मदद से बदली किसान मंगलसाय की तकदीर

**बैकुण्ठपुर** । कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे ग्राम कंचनपुर निवासी किसान मंगलसाय के लिए कभी पशुपालन और दुग्ध उत्पादन का कार्य घाटे का सौदा साबित हो रहा था, लेकिन मनरेगा योजना के तहत मिले पक्के पशु शेड ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया। अब यही व्यवसाय उनके लिए अच्छी आय का जरिया बन गया है। मंगलसाय लंबे समय से दुधारू पशुओं के माध्यम से दूध उत्पादन का कार्य कर रहे थे, लेकिन पक्के शेड के अभाव में बारिश और ठंड के मौसम में पशु लगातार बीमार पड़ जाते थे। साफ-सफाई और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं होने से दूध उत्पादन भी प्रभावित होता था। परिणामस्वरूप उन्हें व्यवसाय में कोई विशेष लाभ नहीं मिल पा रहा था।

## खबर संक्षेप



### आस्था, संस्कृति और विरासत के संरक्षण हेतु दृढ़-संकल्पित है डबल इंजन सरकार : राजेश

**डांड़गांव।** पूजा अर्चना कर मंत्री राजेश अग्रवाल ने तीन देव स्थलों को दी लाखों रुपये की सौगात दी। क्षेत्रिय विधायक एवं पर्यटन संस्कृति, धर्मस्य मंत्री ने राजेश अग्रवाल ने उदयपुर विकास खंड के डांड़गांव राममंदिर एवं डांड़ गोहिहा ठाकुर देव धाम एवं फुलचूहि पंचायत मे श्रद्धालुओं को चढ़ने के लिए सीढ़ी निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर लगभग 12 लाख रुपये से होने वाले निर्माण का शुभारंभ किया। लंबे समय में ग्रामीणों की द्वारा माग की जा रही थी जिसे मंत्री अग्रवाल ने संज्ञान लिया। शेड, सीढ़ी निर्माण की सुकृति प्रदान की है। इन देव स्थलों में पर पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा है कि विधानसभा के अन्य धार्मिक स्थलों का यथा शीघ्र सुधार कर करवाया जाएगा जिसकी भी सुकृति मिलने वाली है। ग्रामीणों के समस्याओं को सुन कर उन्होंने तत्काल मौके पर ही बिजली, पेंशन, पेयजल संकट आदि समस्याओं को निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कोई समस्या हो तो किसी भी समय बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के कुशल मार्गदर्शन में अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के धार्मिक एवं पुनीत स्थलों के विकास और जीर्णोद्धार का कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में ग्राम फुलचुही, उदयपुर स्थित पंचमुखी पहाड़ी में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सीढ़ी निर्माण एवं मंदिर भवन के पुनर्निर्माण कार्य एवं ग्राम डांड़गांव, उदयपुर में मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान राकेश अग्रवाल, देवलोचन सिंह, अखण्ड विधायक सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधायक शकुंतला सिंह के प्रयास से प्रतापपुर में जल्द बनेगा रिंग रोड



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत प्रतापपुर में आए दिन मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित होने तथा भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना होने की संभावना होने और सड़क के जर्जर होने को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा रिंग रोड की मांग लगातार उठाई जा रही है। जिस पर व्यापारी संघ द्वारा भी कई बार इस विषय में विधायक से मांग किए थे। विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने लोगों को हो रही इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव के समक्ष रिंग रोड के प्रस्ताव को रखा और स्वीकृति कराई। विधायक के प्रयासों से प्रतापपुर रिंग रोड के सर्वे हेतु आज पीडब्ल्यूडी के एसडीओ, इंजीनियर, सर्वे किया गया। सर्वे कार्य भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग प्रफुल्ल गुप्ता, पार्षद नीलम श्रीवास्तव, धीरज गुप्ता, शिव शंकर जायसवाल, पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह, वीडीसी अनिल सिंह की उपस्थिति किया गया। साथ ही मई माह के अंत तक रिंग रोड के फाइनल सर्वे का कार्य भी पूर्ण हो जाने की संभावना है। प्रतापपुर को जल्द रिंग रोड की सौगात और टेंडर लगेगी। रिंग रोड के लिए अधिकारियों ने सर्वे करना प्रारंभ कर दिया है।

## गंदा पानी पीने को ग्रामीण मजबूर

# दो महीने से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्राम परसापारा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

भीषण गर्मी के बीच जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा के आश्रित ग्राम परसापारा में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव में लगा सौर ऊर्जा आधारित जल प्रदाय सिस्टम पिछले दो महीने से खराब पड़ा हुआ है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के जनपद सीईओ अब तक इसे दुरुस्त नहीं करा सके। ऐसे में करीब 100 घरों की आबादी में पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान है और ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

**खास बात**
- महीनों से बंद पड़ा सौर ऊर्जा सिस्टम, घरों में पानी सप्लाई नहीं होने से लोग परेशान

ग्राम पंचायत केवरा के आश्रित ग्राम परसापारा के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगाए गए सौर ऊर्जा सिस्टम में खराबी आ जाने की शिकायत कई बार संबंधित विभाग और कर्मचारियों को दी गई। जिसके बाद विभागीय कर्मचारी मोटर निकालकर अपने साथ ले गए, लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी नई मोटर नहीं लगाई गई। विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में इन दिनों पानी की गंभीर समस्या के चलते ग्रामीण अब तालाब का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। गांव में मौजूद एकमात्र कुएं में रातभर में मुश्किल से 10 बाल्टी पानी ही जमा हो पाता है, जिससे पूरे गांव की जरूरत पूरी नहीं हो रही। ऐसे में महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर तक पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि गंदा पानी पीने से गांव में डायरिया, उल्टी-दस्त और अन्य गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में विभागीय उदासीनता का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



पेयजल से वंचित ग्रामवासी।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल सौर जल प्रदाय सिस्टम की मोटर लगाकर पानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में जल स्तर काफी नीचे चला गया है ऐसे में क्षेत्र के एकमात्र कुआं भी सूखने के कगार पर है। हालांकि कुआं में जितना पानी संगहित होता है उससे गांव के लोगों की आपूर्ति होना संभव नहीं है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### बार बार खराब हो जाती है मशीन

ग्रामीणों का कहना है कि गांव-गांव में क्रीडा विभाग द्वारा सोलर पंप लगाए गए हैं उसके बावजूद घटिया सामग्री के वजह से बार-बार इस तरह का समस्या सामने आ रहा है और मशीन खराब हो जाती है। लगातार इस प्रकार की समस्या सामने आने के बाद भी शासन प्रशासन मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा। इधर लोग 2 -3 महीना से पानी की गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिकारी और नेताओं को गुहार लगा रहे हैं लेकिन समस्या को लेकर कोई गंभीर नहीं है जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों का गुस्सा और आक्रोश अब धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी में नहाने से लेकर खाने तक की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे है।

### जल्द ही मोटर लगवाया जाएगा

ग्राम पंचायत केवरा के आश्रित ग्राम परसापारा पेयजल संकट गहरा रहा है तो विभागीय अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। साथ ही जल्द ही मोटर लगवाया जाएगा।
-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



# कुबेरपुर, महुली एवं खैरा में सोलर ड्यूल पंप बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है। ग्राम पंचायत कुबेरपुर, महुली और खैरा में लगा सोलर ड्यूल पंप खराब होने से ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं। हालत यह है कि लोग अब नदी-नालों और अन्य जल स्त्रोतों का पानी पीने मजबूर हो गए हैं। ग्रामीणों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल पम्पों की मरम्मत करने की मांग की है।

- नदी-नालों का पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुबेरपुर में पीएचई एवं क्रेड़ा द्वारा कुल 7 सोलर ड्यूल पंप लगाए गए थे जिसमे 6 पंप पिछले छह महीनों से बंद पड़े हैं। स्कूल पारा, खासपारा, पंडोपारा, बेलारी पारा, यादव पारा और कुबेरपुर खासपारा के ड्यूल पंप खराब होने से पूरे गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में यही ड्यूल पंप पानी का मुख्य सहारा थे।पम्प खराब होने बाद महिलाओं एवं बच्चों को लम्बी दूरी पर स्थित नदी-नालों से पानी लाना पड़ रहा है। पानी के लिए सुबह से लेकर देर शाम तक भटकना पड़ रहा है। कुबेरपुर के उप सरपंच श्रीमती साकेत ने बताया कि समस्या से अधिकारियों अनेको बार लिखित और मौखिक सूचना दी गई लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस सम्बंध में ग्रामीणों के साथ पंचनामा तैयार कर प्रशासन कोअवगत कराया गया है।लाखों के ड्यूल पम्प शोपीस बनकर रह गए हैं।ग्राम पंचायत महुली के स्कूल पारा में भी हालात खराब हैं। सोलर ड्यूल पंप पिछले दो महीने से बंद पड़ा है। इस पंप पर उप स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य दुकान, पीएम श्री स्कूल, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, पंचायत भवन, डाकघर, आंगनबाड़ी केंद्र और आसपास के 30 से अधिक परिवार निर्भर थे। ड्यूल पंप बंद होने से पूरे क्षेत्र में पानी की भारी समस्या खड़ी हो गई है। ग्राम पंचायत खैरा के स्कूल पारा में लगा सोलर ड्यूल पंप पिछले एक महीने से खराब पड़ा है। इस पंप से स्कूल पारा, मोखापारा और आसपास के ग्रामीण सहित आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल और उचित मूल्य दुकान में आने वाले ग्रामीण अपनी प्यास बुझाते थे।ग्रामीणों ने खराब सोलर ड्यूल पंपों की शीघ्र मरम्मत नहीं होने पर भविष्य में पेयजल संकट और अधिक गहराने की आशंका जताई है

# स्नेह मिलन में समर कैंप की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एसईसीएल बिश्रामपुर द्वारा कोल कर्मियों के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत सोमवार को स्नेह मिलन में की गई, समर कैंप का उद्देश्य गर्मी के मौसम में स्कूली बच्चों को रिफ्रेशमेंट और स्पोर्ट्स के माध्यम से नये आर्ट सीखाना है, समर कैंप के प्रथम दिन डीएवी स्कूल बिश्रामपुर के करीब 40 बच्चों ने हिस्सा लिया जिनके अभिभावक एसईसीएल कर्मचारी हैं। स्कूल में पढ़ रहे अन्य बच्चों को इस समर कैंप से दूर रखा गया है।

- प्रथम दिन डीएवी एसईसीएल के करीब 40 बच्चों ने लिया हिस्सा

शामिल हुए बच्चों को ड्राइंग, पेंटिंग, बॉल स्पोर्ट्स समेत अन्य रिफ्रेशमेंट खेल आयोजित कराये गये, कैंप में हिस्सा ले रहे ज्यादातर बच्चे डीएवी स्कुल के कक्षा पहली से तीसरी के बीच में बताये गये हैं, प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार को स्पोर्ट्स प्रोग्राम के साथ कोल कर्मियों के बच्चों को योगा भी सिखाया जायेगा। समर कैंप के शुभारम्भ कार्यक्रम के दौरान एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक संजय सिंह, डीएवी स्कूल की प्राचार्या अनामिका भारती समेत एटक श्रमिक यूनियन के पंकज गर्ग, जेसीसी सदस्यगण, डीएवी स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर श्रीमती चित्रा, संजय भाइलाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### डीईओ ने नहीं दी थी कैंप की अनुमति

प्राप्त जानकारी अनुसार डीएवी स्कूल की प्राचार्या ने समर कैंप आयोजन के लिए पहले स्कूल ग्राउंड में तैयारियां शुरू की थी तथा समर कैंप आयोजित कराने के लिए जिला प्रशासन सूरजपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर स्वीकृति मांगी थी। राज्य शासन के निर्देश अनुसार बच्चों को हीट वेव से बचाने व मई में कोई कार्यक्रम आयोजन नहीं किये जाने के मद्देनजर जिला शिक्षा अधिकारी ने समर कैंप आयोजन की अनुमति नहीं दी साथ ही डीएवी पेरेंट्स एसोसिएशन की नाराजगी व विरोध होने की आशंका पर आयोजन को डीएवी स्कूल ग्राउंड से स्नेह मिलन में कवर्ड कैंपस के भीतर एसईसीएल कर्मियों के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन कराया जा रहा है।

# उचरूवा में जल जीवन मिशन बना शोपीस, करोड़ों की योजना के बाद भी ग्रामीणों को पानी का इंतजार

**रामानुजगंज।** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित जल जीवन मिशन की वास्तविक स्थिति बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम उचरूवा में देखने को मिल रही है। यहां करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई पेयजल योजना अब तक शुरू नहीं हो सकी है, जिसके कारण ग्रामीण आज भी पेयजल संकट से जूझने को मजबूर हैं।

ग्राम उचरूवा में जल जीवन मिशन के तहत करोडो रुपये की लागत से स्टील स्ट्रक्चर पानी टंकी, पंप हाउस एवं पाइपलाइन विस्तार का कार्य कराया गया। गांव के अधिकांश घरों तक नल कनेक्शन भी पहुंचा दिए गए हैं तथा कई स्थानों पर स्टैंड पोस्ट भी लगाए गए हैं। लेकिन योजना पूरी होने के वर्षों बाद भी ग्रामीणों को नलों से पानी की एक बूंद तक नसीब नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना को बने हुए दो से तीन वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। नतीजतन गांव के लोग आज भी पेयजल के लिए 1 से 2 किलोमीटर दूर तक जाने को मजबूर हैं। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। गांव में प्रवेश करते ही हैंडपंपों पर लगी लोगों की भीड़ जल संकट की गंभीरता को बयां करती नजर आती है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद योजना केवल दिखावे तक सीमित रह गई है। घरों तक पाइपलाइन और नल तो पहुंच गए, लेकिन उनमें पानी नहीं पहुंच सका। इससे लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर योजना शुरू हो जाती तो उन्हें रोजाना पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता।



इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागके एसडीओ गुरदेव सिंह कवर ने बताया कि उचरूवा में जलापूर्ति शुरू नहीं होने के कारणों की जांच कराई जा रही है। विभाग का प्रयास है कि जल्द से जल्द योजना को चालू कर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

### नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**डांड़गांव।** शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं संतुलित प्रश्न पत्र निर्माण के लिए 12 से 16 मई तक विशेष प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी व्याख्याताओं को मास्टर ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया था। जिसमे विपिन बिहारी गहवई, बुतुर राम पैकरा, एलिसा एक्का, दिलीप कुमार सिंह तथा मेरी बहालेन द्वारा द्वारा ब्लॉक के 80 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने ब्लूप्रिंट, प्रश्न निर्माण एवं शिक्षण शास्त्र विषयों पर विशेष फोकस कर प्रशिक्षण दिया। इसमें ब्लूप्रिंट के अंतर्गत शिक्षकों को बताया गया कि प्रश्न पत्र तैयार करते समय किस अध्याय से कितने प्रश्न पूछे जाएंगे, कितने अंक के प्रश्न होंगे तथा आसान, मध्यम एवं कठिन प्रश्नों का संतुलित अनुपात किस प्रकार रखा जाएगा। इसका उद्देश्य प्रश्न पत्र को पाठ्यक्रम आधारित एवं संतुलित बनाना है। साथ ही प्रश्न निर्माण विषय में वस्तुनिष्ठ प्रश्न, लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न, विश्लेषणात्मक एवं कौशल आधारित प्रश्न तैयार करने की विधि समझाई गई। शिक्षकों को मॉडल प्रश्न पत्र निर्माण की जानकारी भी दी गई, जिससे बोर्ड परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। शिक्षण शास्त्र अंतर्गत बाल मनोविज्ञान, छात्र केंद्रित शिक्षण, गतिविधि आधारित शिक्षा, आईसीटी आधारित शिक्षण, समावेशी शिक्षा एवं कक्षा प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

### शंकरगढ़ ग्राम पंचायत के लो वोल्टेज की समस्या से परेशान

**शंकरगढ़।** ग्राम पंचायत शंकरगढ़ के नया बाजार क्षेत्र लोग लगातार लो वोल्टेज की समस्या से भारी परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या पिछले कई महीनों से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण घरों में बिजली उपकरण सही ढंग से नहीं चल पा रहे हैं। गर्मी के मौसम में पंखे, कूलर प्रभावित होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग से चर्चा कर जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार जरही, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
**// सार्वजनिक उद्घोषणा / ईश्तहार //**

सर्व साधारण ग्रामवासी बगड़ा प.ह.नं. 33 तहसील प्रतापपुर जिला-सूरजपुर को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखराम पिता कृष्णा जाति गोड़ निवासी ग्राम बगड़ा पोस्ट कोटेया थाना प्रतापपुर तहसील प्रतापपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पिता कृष्णा पिता डेरिहा मृत्यु तिथि 10.5.2005 स्थान बगड़ा के मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है. जिसमे कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस संबंध में जिस व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक द्वारा इस न्यायालय मे दिनांक 28.5.2006 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.5.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**जरही**
**जिला-सूरजपुर(छ.ग.)**

**उद्‌घोषणा पत्र**

मै जगदीश गुप्ता पिता स्व. किशुन साव, उम्र लगभग 70 वर्ष, निवासी ग्राम-केशवनगर, थाना बिश्रामपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) का यह घोषित करता हूं कि मैं अपने बड़े पुत्र रमेश गुप्ता, उम्र लगभग 43 वर्ष निवासी ग्राम सतपता, थाना बिश्रामपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) से अपना समस्त संबंध समाप्त करता हूं।

तथा इस उद्‌घोषणा पत्र के माध्यम से यह उद्‌घोषित करता हूं कि मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने बड़े पुत्र रमेश गुप्ता को सदैव के लिए बेदखल करता हू तथा मेरे किसी भी स्व. अर्जीत चल एवं अचल सम्पति में उक्त रमेश गुप्ता एवं उसके वारिसानों का कोई हक हिस्सा नहीं होगा।

**भवदीय**
**जगदीश गुप्ता**
**आ.स्व.किशुन साव**
**निवासी-ग्राम केशवनगर**
**थाना बिश्रामपुर,**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

# राजलक्ष्मी होम्योपैथिक का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** शहर में सोमवार को राजलक्ष्मी होम्योपैथिक क्लिनिक एवं मेडिकल स्टोर का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर क्लिनिक का उद्‌घाटन किया तथा क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की। तहसील कार्यालय के सामने, वर्धमान कपड़ों के बगल में प्रारंभ हुए इस क्लिनिक के उद्‌घाटन अवसर पर काफी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, व्यापारी एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सक डॉ. रश्मि सोनकर ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति आज लोगों के बीच विश्वास का माध्यम बन रही है और मरीजों को कम खर्च में बेहतर उपचार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने क्लिनिक में आने वाले मरीजों को समर्पित सेवा देने का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ी सेवा है।

उन्होंने कहा कि मनेन्द्रगढ़ जैसे क्षेत्र में नए चिकित्सा संस्थान खुलने से लोगों को राहत मिलेगी और स्थानीय स्तर पर उपचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने क्लिनिक संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसेवा के भाव से किया गया कार्य सदैव समाज के लिए लाभकारी होता है। मंत्री ने उपस्थित लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील भी की। कार्यक्रम में डॉ. तेजकांत सोनकर, नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पार्षद श्रीमती नीलू यादव, श्याम सुंदर पोद्दार, राहुल सिंह, रोहित वर्मा, एमपी सिंह, मृत्युंज सोनी सहित परिवार के सदस्य, शुभचिंतक सहित काफी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 मई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# प्रशासन की हिदायत के बावजूद रोज पाटे जा रहे तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कलेक्टर सरगुजा के सख्त चेतावनी के बावजूद भू-माफिया तलाबों व जलस्त्रोतों को पाटने व उनपर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे है।

■ गोधनपुर स्थित 23 एकड़ के बगल के तालाब को पाटा जा रहा

हाल के दिनों में शहर में रिंग बाध व भाथूपारा तालाब को भू माफियाओं द्वारा कब्जा किये जाने को लेकर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई। स्वयं कलेक्टर ने स्वतः मामले को संज्ञान में लेकर अवैध कब्जे को हटवाया ही नहीं बल्कि तालाब में पाट चुके मिट्टी को भी हटवाया। इसी प्रकार भाथूपारा तालाब में कब्जे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ढहाया गया था। साथ ही चेतावनी भी दी गई थी कि तालाबों व जलस्त्रोतों पर किसी भी प्रकार के बदलाव अथवा कब्जे का कोई भी प्रयास ना किया जाए। राजस्व विभाग को जिले के सभी तालाबों एवं जलस्त्रोतों का पूर्व का नक्शा व रकबा का रिकॉर्ड निकालने के निर्देश दिए गए थे। प्रशासन की सख्ती किए जाने के कुछ ही दिनों बाद फिर से तालाबों को पाटने का क्रम शुरू हो गया है भूमाफिया सूखे तालाबों की प्लाटिंग कर रहे है। राजस्व रिकार्ड में हेरफेर कर तालाबों को निजी स्वामित्व की भूमि बताकर उसे पाटने का काम किया जा रहा है। ऐसी कई शिकायतें देखने को मिल रही है। शहर के वार्ड क्रमांक 5 गोधनपुर स्थित तेईस एकड़ के बगल के तालाब में कब्जा किया जा रहा है। तालाब के रकबे के साथ छेड़छाड़ कर उसे पाटा जा रहा है तालाब को पाटकर कई बड़ी इमारतें खड़ी हो गई और हो भी रही है। लोगों की नजर के सामने बड़ा तालाब आज डबरी में तब्दील हो चुका है। तालाब पाटने वालों की पहुंच देख आम नागरिक विरोध करने या शिकायत करने से भी बचते हैं। नतीजन यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में यह तालाब भी पूरी तरह से अपना अस्तित्व खो देगा।

### तालाब को कराया जाएगा कब्जामुक्त

इस तालाब को रोजाना पाटा जा रहा है। साथ ही इसके जल निकासी को भी रोक दिया गया है। कलेक्टर से शिकायत करेंगे और तालाब को कब्जा मुक्त कराने का प्रयास किया जाएगा।

-शिवमंगल सिंह, पार्षद

### की जाएगी कार्रवाई

तालाब में अतिक्रमण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-अजीत वसंत
कलेक्टर सरगुजा

## समस्याओं का समाधान नहीं होने पर दी आन्दोलन की चेतावनी

# सड़क, बिजली-पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर से की मुलाक़ात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम क्षेत्र में बदहाल सड़कों, चरमराई जल निकासी व्यवस्था, अघोषित बिजली कटौती, ठप सफाई व्यवस्था, बंद स्ट्रीट लाइटों, लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशन और आम जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है।

**खास बात**

■ निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर प्रतिनिधि मण्डल ने सौंपा ज्ञापन

ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने सोमवार को कलेक्टर अजीत वसंत को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने शीघ्र समस्याओं का समाधान न होने पर चक्का जाम और निरंतर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

नगर के मध्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 43 अंतर्गत सदर रोड, देवीगंज रोड और विशेष रूप से महामाया चौक से गुरुनानक चौक तक सड़क की बदहाली को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। कांग्रेस ने कहा कि यह मार्ग शहर की जीवनरेखा है, लेकिन इसकी स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा बाबूपारा, विशुनपुर, नमनाकला, नवापारा, बौरीपारा, दर्रीपारा सहित नगर निगम क्षेत्र की अधिकांश अंदरूनी सड़कें भी खस्ताहाल हैं। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद निर्माण एवं मरम्मत कार्य शुरू न होना प्रशासनिक निष्क्रियता का प्रमाण है। कांग्रेस ने चेताया कि बरसात शुरू होने में एक माह से भी कम समय शेष है और यदि अभी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो बारिश के बाद हालात और भयावह होंगे। जल निकासी व्यवस्था को लेकर ज्ञापन में कहा गया कि नगर के विभिन्न वार्डों में बड़े नालों एवं नालियों के निर्माण की मांग वर्षों से लंबित है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण आज तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। कांग्रेस ने मांग की कि वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। शहर की भीतरी बस्तियों एवं खाली जमीनों पर अव्यवस्थित मिट्टी भराव कर प्राकृतिक जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध किए जाने पर भी गंभीर चिंता जताई गई। कुंडला सिटी के पीछे एवं बरेज तालाब क्षेत्र में मिट्टी भराव के कारण अग्रसेन वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश में ही जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। कांग्रेस ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की बदहाल स्थिति को भी प्रमुखता से उठाया। विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांगता पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का भुगतान पिछले छह माह से लंबित है, जिससे गरीब, बुजुर्ग एवं जरूरतमंद हितग्राही गंभीर आर्थिक संकट में हैं। इस दौरान संजय विश्वकर्मा, मेराज गुड्डू, हसन खान, पपिन्दर सिंह, शुभम जायसवाल, कलीम अंसारी, मेघा खांडेकर, लुकस एक्का, आलोक सिंह, सतीश बारी, बालकेश्वर तिर्की, अनूप मेहता, जीवन यादव, अमित सिंह रिंकू, अमित तिवारी राजा, शिवांशु गुप्ता, तरनराज बाबरा अन्य मौजूद थे।



कलेटक्टर को ज्ञापन सौंपते नेता प्रतिपक्ष व निगम के पार्षद।

### अघोषित कटौती से लोग परेशां

बिजली व्यवस्था पर हमला करते हुए नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली कटौती और प्रतिदिन अघोषित बिजली बंदी से आम नागरिक, व्यापारी, विद्यार्थी एवं मरीज सभी परेशान हैं। बढ़े हुए एवं त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों ने जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। नगर की गलियों, मोहल्लों एवं रिंग रोड क्षेत्र में अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, जिससे आमजन को रात के समय असुरक्षा और भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम की सफाई व्यवस्था को लेकर भी उन्हीने ने गंभीर सवाल उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि नालियों एवं गलियों की नियमित सफाई लगभग ठप है, जिससे शहर में गंदगी फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। बारिश पूर्व नालियों एवं प्राकृतिक जल निकासी मार्गों की सफाई नहीं होने से हल्की बारिश में ही निचली बस्तियों एवं कई वार्डों में जल जमाव देखा गया है, जो प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है।

### करेंगे उग्र प्रदर्शन

यदि नगर की इन मूलभूत समस्याओं पर शीघ्र प्रभावी एवं ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्षदों, पदाधिकारियों एवं आम जनता के साथ व्यापक जनआंदोलन, चक्का जाम और उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह ज्ञापन सिर्फ राजनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि आम जन की आवाज है। अब प्रशासन की जिम्मेदारी है कि आश्वासनों से आगे बढ़कर जमीनी समाधान दे, अन्यथा जनता का आक्रोश सड़कों पर दिखाई देगा।

**-शफी अहमद**, नेता प्रतिपक्ष, ननि

# धोखे से खाता खुलवाकर 1.80 करोड़ का लेनदेन, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

म्युल अकाउंट खुलवाकर सट्टा कारोबार में उपयोग करने वाले गिरोह के सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने धोखे से दस्तावेज हासिल कर कृषि विभाग में पदस्थ भृत्य के नाम से खाता खुवालाया और उसमें 1.80 करोड़ रूपए का ट्रांजैक्शन किया। फर्जीवाड़ा और सट्टा कारोबार के मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

■ सट्टा कारोबार में किया गया उपयोग, लम्बे समय से चल रहा था फरार

पुलिस के अनुसार कृषि विभाग में पदस्थ भृत्य वैभव सूर्यवंशी ने गांधीनगर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि नवापारा निवासी सुमित सिंह व अनुज सिंह द्वारा घर बनवाने के लिए राशि लेनदेन हेतु बैंक खाता की आवश्यकता बताकार उसके नाम से आईडीबीआई बैंक में दो खाते खुलवाए थे। इस दौरान आरोपियों ने वैभव से उसके एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक ले लिया था। 21 मई 2025 में बैंक के लोगों ने उन्हें सूचना दी थी कि आपके नाम से संचालित अकाउंट में बड़े पैमाने पर लेनदेन हो रहा है। एसे में जब उन्होंने जांच की तो पता चला कि सेविंग अकाउंट से 80 लाख व करंट अकाउंट से 1 करोड़ रूपए का लेनदेन किया गया है। दोनों अकाउंट



से एक करोड़ अस्सी लाख रूपए के लेनदेन की शिकायत के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे अनुज सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि अलग अलग लोगों से बैंक खाते हासिल कर उसके द्वारा ऑनलाइन फ्राड व सट्टा के पैसों का आहरण किया जाता है। पुलिस ने मामले में नवापरा निवासी 30 वर्षीय अनुज सिंह आ. सर्वजीत सिंह को बीएनएस की धारा 318(4), 319, 317(4), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह सक्रिय रहे।

### अब तक 20 की गिरफ्तारी

सरगुजा में म्यूल अकाउंट के मामले में पुलिस की कार्रवाई चल रही है और पिछले दस दिनों में म्यूल अकाउंट के 4 मामलों में अब तक कार्रवाई करते हुए खाता धारक एवं बैंक खाता खरीदने- बेचने वाले 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके साथ लोगों से पुलिस ने आह्वान किया है कि युवा व नागरिक ऐसे अनैतिक कार्यों में संलिप्त नहीं हो और लालच में आकर अपने दस्तावेज किसी को भी गलत उपयोग के लिए प्रदान ना करें।

## कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम खूरनडीह निवासी मुन्ना राम नगेसिया आ. नरेश (18 वर्ष) गत दिन घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# नाम निर्देशन के अंतिम दिवस तक पार्षद के लिए 60 जबकि अध्यक्ष के लिए 5 ने भरे पर्चे





**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नवगठित नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के आम निर्वाचन के निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुख्ता प्रबंध किए हैं। नगर पंचायत शिवनंदनपुर में अध्यक्ष पद सहित 15 वार्डों के लिए वार्ड पार्षद पदों पर चुनाव कराया जाएगा।

■ भाजपा व कांग्रेस ने गाजे बाजे के साथ रैली निकाल किया नामांकन दाखिल

निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 11 मई से 18 मई 2026 तक उप तहसील पिलखा में नाम निर्देशन पत्र लिए गए। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल ने बताया कि पंद्रह वार्डो में वार्ड पार्षद के लिए कुल साठ लोगों ने नामांकन किया है।नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई मंगलवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से की जाएगी। 21 मई गुरुवार अपराह्न 3 बजे तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर चुनाव चिन्हों का आबंटन किया जाएगा।

### 4642 मतदाता करेंगे मतदान

नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के 15 वार्डों में कुल 4642 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 2335 पुरुष एवं 2307 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान 1 जून 2026, सोमवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ईवीएम के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए कुल 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### ये हैं निर्धारित मतदान केंद्र

निर्वाचन के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवनन्दनपुर, नगर पंचायत परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन शांतिनगर तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के विभिन्न कक्ष शामिल हैं।

### 4 जून को होगी मतगणना

नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभी 15 वार्डों के पार्षद पदों के लिए डाले गए मतों की गणना 4 जून 2026, गुरुवार को सुबह 9 बजे से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (आजाक) बिश्रामपुर में की जाएगी।

### भाजपा व कांग्रेस की रैली में दिखा उत्साह

आज नामांकन के अंतिम दिवस भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षदों के नामांकन के दौरान कैबिनेट मंत्री महिला बाल विकास लक्ष्मी राजवाड़े,सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली सोनी सहित चुनाव प्रभारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वही कांग्रेस के नामांकन में जिला अध्यक्ष शशि सिंह की अगुआई में कांग्रेसियों ने गाजे बाजे के साथ रैली निकाल नामांकन किया।नामांकन के दौरान उपतहसील कार्यालय में गहमागहमी बनी रही।

### अध्यक्ष पद के लिए पांच ने किए नामांकन

सोमवार को नामांकन के अंतिम दिवस तक अध्यक्ष पद के लिए पांच लोगों ने नामांकन किया है जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी के रूप में रितेश जायसवाल, कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी संजय कुमार सोनी, प्रभात जायसवाल, रामलाल सोनी, सतपाल साहू के नाम शामिल हैं।

# पेट्रोल-डीजल किल्लत और खाद्य सामग्री में कटौती के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**शंकरगढ़।** बचवार स्थित पेट्रोल पंप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं गैस की किल्लत और खाद्य सामग्री में कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया तथा पेट्रोल पंप पहुंचे लोगों से चर्चा कर वर्तमान महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को लेकर अपनी बात रखी।

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई कम करो, पेट्रोल-डीजल की किल्लत दूर करो, गरीबों का हक वापस करो जैसे नारे लगाए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और अधिक गंभीर होती जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पैकरा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश की जनता लगातार परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले नोटबंदी, फिर कोरोना काल में लॉकडाउन और अब पेट्रोल, डीजल एवं गैस की किल्लत ने आम लोगों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। उन्होंने



आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता को हर समय किसी न किसी लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। पूर्व विधायक महेश्वर पैकरा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर ग्रामीण और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्गीय परिवारों का घर चलाना मुश्किल हो गया है। धरना प्रदर्शन को जनपद सदस्य विवेक सिंहदेव, सरपंच सुनील पैकरा, हीरालाल यादव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान उम्मत रसूल, सीमु अग्रवाल, रामशरण यादव, झमरू पैकरा, रामसुंदर सिंह, सधीम मरावी, हदयानंद यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।







## खबर संक्षेप

### नगर के विकास कार्यों के लिए 576.46 लाख रुपये की स्वीकृति

**रामानुजगंज।** शहर के समग्र विकास की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। जनभावनाओं के अनुरूप नगर में अधोसंरचना विकास को गति देते हुए विभिन्न वार्डों में कंक्रीट सड़क एवं नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए कुल 576.46 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों में शहर के वार्ड क्रमांक 3, 5 एवं 7 के मध्य सर्वसुविधायुक्त शादी घर निर्माण हेतु डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का निर्माण प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 के मध्य स्थित अंबेडकर तालाब तथा वार्ड क्रमांक 13 स्थित वर्षों पुराने अटल स्मृति तालाब के उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को भी स्वीकृति मिली है। इसके अतिरिक्त विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु सड़क एवं नाली निर्माण कार्य किए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान नगर पालिका परिषद को इससे पूर्व भी शहर विकास के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्थानीय विधायक एवं मंत्री राम विचार नेताम के प्रयासों से लगभग 12 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। लगातार मिल रही स्वीकृतियों से नगर में अधोसंरचना विकास को नई गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह सभी विकास कार्य रामानुजगंज के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने जनहितकारी विकास कार्यों के लिए लगातार प्रयासरत विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम सहित मुख्यमंत्री,उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग एवं जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयासों से नगर निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

### जिला अस्पताल की लापरवाही के विरोध में न्याय पदयात्रा




**अम्बिकापुर।** जिला अस्पताल बलरामपुर में एक आदिवासी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए शांतिपूर्ण न्याय पदयात्रा निकालने की घोषणा की है।जानकारी के अनुसार ग्राम सेन्दुर निवासी 58 वर्षीय कौलेश्वरी आयाम की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। परिजन का आरोप है कि अस्पताल की लापरवाही के कारण महिला की जान गई वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि महिला की मृत्यु छत से गिरने के कारण हुई थी। पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है1परिजन ने बताया कि 6 मई से जिला अस्पताल बलरामपुर से न्याय पदयात्रा प्रारंभ करेंगे। पदयात्रा में मृतका के परिजन, स्थानीय ग्रामीण व दीपक यादव सहित कुल छह लोग शामिल होंगे।पदयात्रियों ने पीड़ित परिवार को 15 लाख रुपये मुआवजा, दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने तथा जिला अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

## पेज 1 के शेष...

### क्रेशर प्लांट में काम कर...

निकाला और उपचार के लिए निजी व्यवस्था से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान देर रात मजदूर 20 वर्षीय अनमोल उरांव की मौत हो गई। मजदूर की मौत के बाद मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है। घटना से परिजन में शोक का माहौल है।

### तेज रफ्तार का कहर...

अपनी चपेट में ले लिया। कार की रफ्तार का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि चालक दोनों युवकों को घसीटते हुए लगभग 100 मीटर दूर ले गया। घटना के बाद चालक कार समेत फरार हो गया। इधर घटना के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। लोगों का कहना है कि कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वे उसका नम्बर प्लेट तक नहीं देख पाए। इधर इस घटना से परिजन में सदमें में है। मामले में पुलिस दवरा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### अवैध रेत और मिट्टी ईंट...

संपदा के संरक्षण के लिए संयुक्त रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन करने वालों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भी अवैध उत्खनन पर सख्ती से कार्रवाई जारी रखने की मांग की गई।

## निधन

### आशा लता शर्मा

**अम्बिकापुर।** शहर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा लता शर्मा की रायपुर स्थित अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्ति धाम में किया गया। मुखाग्नि प्रेम कुमार शर्मा ने दी। स्व. आशा लता शर्मा अधिवक्ता अलंकार शर्मा की माता एवं भाजपा नेता अभिषेक शर्मा की बड़ी मां थी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित शहर के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

